<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक– 21.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. **नक्सलियों के खिलाफ अभियान में सुरक्षा बलों को अब तक की सबसे बड़ी सफलता; रांची में एक साथ 27 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष डाले हथियार।**

2. **रांची में समाज कल्याण और स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा; आंगनबाड़ी भवन निर्माण, शत–प्रतिशत टीकाकरण और अपार आईडी कार्य में तेजी लाने के निर्देश।**

3. **जेटेट के अभ्यर्थियों को जैक ने दी बड़ी राहत, झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की समय सीमा बढ़ाकर अब 2 जून की गई।**

4. **रांची विश्वविद्यालय की सिंडिकेट बैठक में 30 एजेंडों को मंजूरी; उच्च शिक्षा और शोध को बढ़ावा देने के लिए खुलेगा नया डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन।**

5. **रांची में कल से शुरू होगा देश का बड़ा खेल महाकुंभ; 29वीं राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन कप प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी।**

********************

राज्य में आज लाल आतंक के खिलाफ ऐतिहासिक सफलता मिली है। रांची पुलिस मुख्यालय में आज एक साथ रिकॉर्ड 27 उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें 25 प्रतिबंधित भाकपा–माओवादी और 2 जेजेएमपी के सदस्य हैं। सरेंडर करने वाले आठ शीर्ष नक्सलियों पर कुल 33 लाख रुपये का इनाम घोषित था और इनके खिलाफ 426 आपराधिक मामले दर्ज हैं। उग्रवादियों ने पुलिस महानिदेशक के समक्ष 5 इंसास राइफल सहित भारी मात्रा में आधुनिक हथियार और जिंदा कारतूस भी सौंपे हैं। अधिकारियों ने कहा कि सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर ये भटके युवा मुख्यधारा में लौटे हैं।

********************

कृषि विभाग रांची की ओर से नगड़ी प्रखंड में जिला स्तरीय किसान मेला सह कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस मेले में बड़ी संख्या में स्थानीय किसानों ने हिस्सा लिया, जिन्हें आधुनिक कृषि पद्धतियों, उन्नत बीजों, जैविक खेती और सरकारी अनुदान योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर कृषि एवं उद्योग विभाग के सभापति आदिल अज़ीम ने शिरकत की।

********************

रांची में समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान अधिकारियों को नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, शत–प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने, पोषण ट्रैकर ऐप के इस्तेमाल और अपार आईडी निर्माण कार्य में तेजी लाने के कड़े निर्देश दिए गए।

********************

रांची में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत चलाई जा रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में लंबित पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और हर घर तक स्वच्छ पानी पहुंचाने के कड़े निर्देश दिए गए।

********************

सीबीआई की धनबाद टीम ने सीजीएसटी के गिरिडीह कार्यालय में पंद्रह घंटे लंबी छापेमारी की है। टीम ने इनपुट टैक्स क्रेडिट मामले को सुलझाने के एवज में रिश्वत लेते सुप्रीटेंडेंट बुद्धेश्वर सुंडी और इंस्पेक्टर बिरजू कुमार को रंगेहाथ गिरफ्तार किया, जिन्हें आगे की कार्रवाई के लिए धनबाद ले जाया गया है।

********************

झारखंड अधिविद्य परिषद– जैक ने झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 के अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। परिषद ने उम्मीदवारों की मांग और विभिन्न सुझावों को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। जैक द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, अब अभ्यर्थी जेटेट के लिए आगामी 2 जून तक ऑनलाइन आवेदन दर्ज कर सकेंगे।

********************

रांची विश्वविद्यालय की सिंडिकेट बैठक में कुलपति प्रोफेसर सरोज शर्मा की अध्यक्षता में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान कुल 30 एजेंडों को सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान की गई, जिसमें विश्वविद्यालय में शोध और उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक नया डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन खोलने का फैसला शामिल है।

********************

भारतीय सेना ने 10+2 तकनीकी प्रवेश योजना यानी टीईएस–56 कोर्स के लिए योग्य युवाओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। 12वीं कक्षा और जेईई मेन्स 2026 परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी 12 जून तक भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

********************

जमशेदपुर की जुगसलाई थाना पुलिस ने बीते 15 मई को हुई फायरिंग की घटना का खुलासा करते हुए छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी ललित मीणा ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने तकनीकी जांच और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर छापेमारी कर इन आरोपियों को दबोचा।

********************

आज सुबह के सत्र में घरेलू शेयर बाजार में मामूली तेजी देखी गई। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स 136 अंक बढ़कर 75 हजार 454 पर और निफ्टी 72 अंक बढ़कर 23 हजार 731 पर पहुंच गया।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 48 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 78 हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

राज्य में गर्मी ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। कोडरमा जिला इन दिनों भीषण लू और तपिश की चपेट में है। जिले में सुबह 10 बजते ही तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। दोपहर के समय सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है। भीषण गर्मी के कारण स्थानीय नदी और जलाशयों का जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है। चिकित्सक डॉ. राजीवकान्त पांडेय ने श्रोताओं से अपील की है कि वे डिहाइड्रेशन से बचने के लिए बिना जरूरी काम के घरों से बाहर न निकलें।

********************

राजधानी रांची में कल से 25 मई तक 29वीं राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। झारखंड एथलेटिक्स संघ के सचिव एसके पांडे ने बताया कि इस महाकुंभ में देशभर से लगभग 700 खिलाड़ी और 150 तकनीकी पदाधिकारी भाग लेंगे।

********समाप्त************